## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्राः कार्यक्रम में किया गया हितलाभों का वितरण

**मण्डला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 9 जनवरी 2024 को बिछिया के माधोपुर एवं हर्राभाट नएगांव, घुघरी के डूंडी एवं उमरिया, मवई के मड़फा माल एवं मोहगांव रैयत, नैनपुर के बीजेगांव एवं भरबेली, नारायणगंज के चकदेही एवं कापा, निवास के मनेरी एवं पोंड़ी तथा मंडला के पीपरपानी एवं पुरवा पंचायत पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### वैश्य महासम्मेलन की बैठक 12 को

**मण्डला।** वैश्य महासम्मेलन में 19 जनवरी को आजीवन सदस्यों का महासम्मलेन आयोजित किया जा रहा है जिसमे प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता का आगमन होने जा रहा है। जिसके संबंध में 12 जनवरी को बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिले के पदाधिकारी जन की विशेष बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है। इस बैठक में संदेश जैन, रामजी अग्रवाल जबलपुर उपस्थित रहेंगे। बैठक को लेकर तैयारियां की जा रही है इस बैठक में वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारी सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### माया नामदेव का निधन



**भुआबिछिया।** वार्ड नंबर 8 वेयर हाउस निवासी रिटायर्ड शिक्षक डी.एस. नामदेव की धर्म पत्नी एवं राजेश नामदेव, सुनील नामदेव, ओम नामदेव की माताश्री माया नामदेव का मंगलवार शाम 5:30 बजे रायपुर एम्स में निधन हो गया। अंतिम संस्कार बुधवार को भुआबिछिया के मुक्तिधाम प्रातः 11 बजे किया जाएगा।

### जनमन अभियान से होंगे शत-प्रतिशत बैगा समाज लाभान्वित

# बैगा बस्तियों में खुलेंगी 105 आंगनबाड़ी

*** कलेक्टर ने दी बैगा समुदाय के प्रतिनिधियों को जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बैगा समाज के प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर ने बताया कि अभियान के तहत शतप्रतिशत बैगा को 9 मंत्रालयों से संबंधित 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर केन्द्रित भारत सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। जिले के सभी 410 बैगा ग्रामों में सर्वे के माध्यम से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जाकर उन्हें भारत सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने बताया कि शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का आधार कार्ड तथा जाति प्रमाण पत्र होना जरूरी है। ग्राम स्तर पर आयोजित शिविरों में इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है। इसी प्रकार 5 लाख रूपए तक के निःशुल्क उपचार के लिए प्रत्येक बैगाओं का आयुष्मान पंजीयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने पात्रता पर्ची, प्रधानमंत्री किसान, वन अधिकारी पट्टा, बैक खाता, किसान क्रेडिट कार्ड आदि के संबंध में भी की जा रही कार्यवाहियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. सिडाना ने सिकलसेल, एनीमिया के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए उपस्थित बैगा समाज के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे बैगाओं को सिकल सेल, एनीमिया की जांच के लिए प्रेरित करें। बैठक में कलेक्टर ने बैगा समुदाय के प्रतिनिधियों से हितग्राहीमूलक योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अधोसंरचना विकास के संबंध में सुझाव भी प्राप्त किए तथा बैगा समाज के प्रतिनिधियों को भारत सरकार की योजनाओं से संबंधित ब्रोसर का भी वितरण किया।



### 590 किलोमीटर की सड़क प्रस्तावित

बैठक में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि जिले के सभी बैगा बस्तियों में अधोसंरचना संबंधी कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत किए गए सर्वे के आधार पर बैगा बस्तियों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए कुल 590 कि.मी. की सड़क प्रस्तावित की गई है, जिनकी स्वीकृतियां क्रमशः प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने बताया कि हर घर तक बिजली उपलब्ध कराने के लिए आवश्यकतानुसार लाइन का विस्तारीकरण तथा नए ट्रांसफॉर्मर लगाने की कार्यवाही की जा रही है। हर घर को नल से जोड़ने के लिए प्रत्येक ग्रामों को जल जीवन मिशन से जोड़ा जा रहा है। बैगा बस्तियों में 105 आंगनवाड़ी के प्रस्ताव भेजे गए हैं, जिनमें से 14 की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। बैठक में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास, शिक्षा, कौशल विकास, मोबाइल मेडीकल यूनिट, सबको पोषण, मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पोषण आहार, सुरक्षित मातृत्व अभियान, टीकाकरण, टीबी उन्मूलन, मध्यान्ह भोजन एवं सुकन्या समृद्धि योजना आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

### महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन अभियान के तहत बैगा बसाहटों में व्यवसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रत्येक बैगा महिलाओं को स्व सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। उन्हें आवश्यकतानुसार व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने की योजना तैयार की गई है। सभी बैगा ग्रामों में नेटवर्क उपलब्ध कराने हेतु 33 मोबाइल टावर प्रस्तावित किए गए हैं। उन्होंने भीमडोंगरी में खोले जा रहे प्रशिक्षण केन्द्र के संबंध में भी जानकारी दी।

# कभी भी गिर सकता है रंगमंच, हादसे का अंदेशा



*** हादसे को न्यौता दे रहा पुरान रंगमंच भवन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले के अंतिम छोर में बसा आदिवासी वनांचल विकासखंड मवई हमेशा चर्चाओं में रहता है। मवई के कई ग्राम आज भी विकास से कोसो दूर है। यहां विकास के नाम पर संबंधित अधिकारी अपनी मनमर्जी चला रहे है। दूरांचल क्षेत्र मवई में व्याप्त समस्याओं और ग्रामीणों परेशानियों को सुनने वाला यहां कोई नहीं है। यहां के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि के कानों में जूं तक नहीं रेंगती है। इसलिए यहां पलभर में होने वाले कार्यो के लिए यहां के लोगों बेहद परेशानी उठानी पड़ती है।

जानकारी अनुसार ग्राम मवई के बहेराटोला में बना रंगमंच पुनारा और जर्जर हो चुका है, जो कभी भी धराशाई हो सकता है। यहां के ग्रामीणों ने अनेकों बार ग्राम पंचायत मवई में आवेदन के माध्यम से व मौखिक रूप से सूचना दी गई है कि यहां बना रंगमंच जर्जर हो चुका है, जो कभी भी गिर सकता है। जिससे कोई अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। क्योंकि नजदीक ही स्कूल संचालित हो रहा है। लेकिन यहां कोई सुनने वाला नहीं है। यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों केवल वही कार्य कर रहे जिनमे उन्हें मुनाफा दिखाई देता है।

ज्ञात हो कि जर्जर अवस्था में खड़ा रंगमंच खतरनाक हो गया है। जर्जर रंगमंच के बगल में ही प्राथमिक विद्यालय संचालित है। जिसमें स्कूली बच्चे खेल खेल में भवन के अंदर प्रवेश कर जाते है जो कभी भी गिर सकता है। गांव में घूम रहे पशु भी उक्त स्थान में आश्रय लेने बैठ जाते है जो खतरनाक साबित हो सकता है, लेकिन प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के लिये ये आम बात है। जब तक कोई बड़ी अनहोनी ना हो, तब तक ना तो प्रशासन जागेगा और ना ही यहां के जनप्रतिनिधि। यहां के स्थानीय युवाओं ने कई बार इस विषय में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से चर्चा की है, लेकिन यहां किसी को इस संबंध में कोई रूचि दिखाई नही दे रही है। जब तक यहां कोई हादसा ना हो जाए तब तक यह जर्जर रंगमंच ऐसा ही रहेगा।

# फिर बढ़ा न्यूनतम और अधिकतम तापमान

*** मौसम बदलने से दिन भर रही उमस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले के मौसम में लगातार उतार चढ़ाव का दौर जारी है। विगत एक सप्ताह पहले जहां न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस था, चार दिन पहले 16.5 डिग्री और दो दिन पहले 14.4 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 06 डिग्री सेल्सियस ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान भी 04 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक दिन पहले के तापमान की तुलना में भी दोनो तापमानों में बढ़ोत्तरी हुई है। जिसका असर मंगलवार को देखा गया। अल सुबह से मध्यम से ज्यादा घना कोहरा छाया रहा। मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे तक शहरी क्षेत्र में कोहरे की धुंध दिखाई दी। सूर्य निकलने के बाद कोहरा छंटा। लेकिन सुबह 9.30 बजे तक पूरा जिला कोहरे की आगोश में रहा। दिन भर कोहरे की धुंध मैदानी इलाकों, जंगली क्षेत्रों, पहाड़ों में छाई रही। वहीं सूर्य देव भी अपनी उपस्थिति जोरदार रूप से दिए। मंगलवार को लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। जिससे लोगों को दिन में पंखे का सहारा भी लेना पड़ा। जहां लोग दिन में गरम कपड़े पहने नजर आते थे, वहीं मंगलवार को गर्मी लगने के कारण गरम पकड़े में नजर नहीं आए।

मौसम वैज्ञानिक सुमित परोहा ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। पिछले चौबीस घंटे में फिर तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है। न्यूनतम तापमान में 0.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई है। मंगलवार को न्यूनतम तापमान सामान्य से 06 डिग्री ज्यादा तापमान दर्ज किया गया। वहीं अधिकतम तापमान भी 04 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया। बताया गया कि आज बुधवार को मौसम साफ रहने की संभावना है। जहां हवा की औसत गति 08 से 10 किमी प्रति घंटा रहेगी। वहीं मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार आज बुधवार का तापमान अधिकतम 26 डिग्री और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है।

## शुचि और मुस्कान का चयन, एक दिवसीय अंडर 23 में संभाग की बालिकाएं दिखाएंगी हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ ने लखनऊ में आयोजित अंडर 23 महिला एक दिवसीय इंटर स्टेट टूर्नामेंट के लिए मध्यप्रदेश टीम की घोषणा कर दी गई है जिसमें जबलपुर संभाग की दो बालिका खिलाड़ी शुचि उपाध्याय (मण्डला) एवं मुस्कान विश्वाश ( कटनी) का चयन किया है। जबलपुर क्रिकेट धर्मेश पटेल ने बताया कि हाल ही में टी 20 टूर्नामेंट में मध्यप्रदेश टीम चैंपियन रही है जिसमें जबलपुर संभाग के इन खिलाड़ियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है उम्मीद है कि इस टूर्नामेंट में भी अपने खेल हुनर का प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश एक दिवसीय क्रिकेट में विजेता टीम होने का गौरव हासिल करेंगी। दोनों चयनित खिलाड़ियों को जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के अध्यक्ष निशीथ भाई पटेल अनिल शर्मा विक्रम जिनसरी त्रिलोक नायडू विद्यापति श्रीवास्तव किशोर बहन बृजेश पटेल एवं जिला क्रिकेट संघ के अजय मिश्रा, इम्तियाज अली, ललित जोशी, भीष्म द्विवेदी, ज्ञानेंद्र झा, निशांत झा, शिवांसू तिवारी,बसंत ठाकुर सहित खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाए प्रेषित की है।

### मुख्यमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से करेंगे हितग्राहियों से चर्चा

**मण्डला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 जनवरी 2024 को मंडला के सकवाह एवं टिकरवारा, बिछिया के इमलिया एवं नरैनी माल, घुघरी के खमरिया एवं लाटो, मवई के अतरिया एवं सोढ़ा, नैनपुर के जलतारा एवं खिरखिरी, नारायणगंज के बीजेगांव एवं पटेहरा, निवास के गडरा एवं कोहानी पंचायत पहुंचेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे मंडला विकासखंड के ग्राम सकवाह पहुंचेगी जहां पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से संवाद करेंगे। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैठक व्यवस्था, इंटरनेट की उपलब्धता, विभिन्न विभागों के स्टॉल आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**जबावदारी** | **महीने की 9 तारीख को मनाया जा रहा मातृत्व दिवस।**

# सुरक्षित प्रसव कराना शासन की जिम्मेदारी

*** जच्चा बच्चा की सुरक्षा के लिए प्रसव पूर्व जांच जरूरी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रति माह की नौ तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अंतर्गत गर्भवती की प्रसव पूर्व जांच कराई जा रही है। जिससे जच्चा, बच्चा स्वस्थ रहे। मातृत्व दिवस शिविर में गर्भवती महिलाओं का एचआईवी, हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरीन प्रोटीन, यूरिन क्लॉक एवं एल्बुमिन की जांच की गई।

जानकारी अनुसार आयोजित मातृत्व दिवस शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव के पहले ही जांच के दौरान उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की पहचान हो जाती है। यदि ऐसी कोई गर्भवती महिला चिन्हित होती है तो ऐसी गर्भवती का प्रसवकाल में विशेष ध्यान रखा जाता है। सीएमएचओ डॉ. केसी सरोते ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के तहत हर महीने की नौ तारीख को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

बताया गया कि गर्भवती महिलाओं की जांच के बाद अगर किसी भी महिलाओं में एंबनॉर्मल भूरण या गर्भाशय में किसी प्रकार की शिकायत रहने पर उसे पहले अच्छे स्वास्थ्य सेवा के लिए बेहतर अस्पताल भेजा जाता है, जिससे प्रसव के समय महिलाओं को कोई परेशानी ना हो। मातृत्व दिवस अभियान के अंतर्गत सभी सुविधाएं सरकार द्वारा निःशुल्क दी जा रही है।

### गर्भवती महिलाओं की हो रही जांचे

बता दे कि माह की 09 तारीख को सभी गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। परीक्षण में हीमोग्लोबिन, शुगर, एचआईवी, ब्लड प्रेशर, सिकलिंग समेत तमाम जांच निःशुल्क की जा रही हैं। जांच के आधार पर उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) की पहचान की जाती है। ऐसी गर्भवती को चिन्हित कर प्रसव के लिए उच्च स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए रेफर किया जाता है। उन्होंने बताया हर स्वास्थ्य केन्द्र पर गर्भवती के पंजीकरण का प्रावधान है।

### गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच जरूरी

कुछ वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों की गर्भवती महिलाएं पंजीकरण तो करा लेती हैं लेकिन जांच के लिए केन्द्र पर नहीं पहुंच पाती हैं, सीधे प्रसव के समय उनके परिजन उन्हें स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आते हैं। पूर्व की बिना जांच के जोखिम की स्थिति को तय कर पाना मुश्किल हो जाता है। कई बार जोखिम की स्थिति में केन्द्र पर ही प्रसव कराना पड़ता है या उन्हें जब उच्च चिकित्सा केन्द्र ले जाने की सलाह दी जाती है तब तक जोखिम काफी बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में गर्भवती के लिए बहुत घातक हो जाती है।

### जोखिम गर्भावस्था से बचें गर्भवती महिलाएं

नारायणगंज सीएचसी प्रभारी सीबीएमओ डॉ. एएल कोल ने बताया कि उच्च जोखिम गर्भावस्था या हाई रिस्क प्रेगनेंसी उसे कहते हैं जिसमें मां और शिशु दोनों में सामान्य गर्भावस्था की तुलना में अधिक जटिलता विकसित होने की संभावना होती है। ऐसी महिलाओं को अन्य सामान्य गर्भवती के मुकाबले ज्यादा समस्याओं का सामना करना पड़ता है। डॉ. एएल कोल ने बताया गया कि माह की प्रत्येक 09 तारीख को स्वास्थ्य केन्द्रों में सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है। इसका लाभ सभी गर्भवती महिलाओं को लेना चाहिए। जिससे संस्थागत सुरक्षित प्रसव हो सके और जच्चा और बच्चा सुरक्षित रहे।

## जनसुनवाई में 100 आवेदकों की सुनी गई समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई में 100 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने योजना भवन में लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर अरविंद सिंह, सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

सम्पन्न हुई जनसुनवाई में ग्राम तबलपानी के बसंती कुम्हरे ने शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी, ग्राम देवरी निवासी राजकुमार झारिया ने आंगनवाड़ी भवन निर्माण, खिन्हा निवासी बिरझू ने बीपीएल सूची में नाम जोड़ने, खारी निवासी शिवप्रसाद नागवंशी ने ऑनलाईन खसरा नक्शा अपडेट करने, चंगरिया निवास चमरूलाल भारतीया ने आर्थिक सहायता का लाभ दिलाने, ग्राम ठरका निवासी रामफल नंदा एवं सिंहवाहिनी वार्ड मंडला के सतीश तिवारी ने अवैध कब्जा हटाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

खबर संक्षेप

## नपा राजस्व विभाग की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर पालिका में राजस्व आये में इजाफा तथा नगर विकास को लेकर रूपरेखा बनाने के लिये बीते हुये दिवस राजस्व विभाग के सभापति चंचल कोरी की उपस्थिति में राजस्व विभाग की अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। आयोजित की गई इस बैठक में आवश्यक बिन्दुओ पर चर्चा हुई एवं समस्त नगरपालिका कर्मियों को अलग अलग आयो से सबंधित बकाया कर बसूली के लिए दिशा निर्देश दिए एवं अब आगामी समय मे कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले कर्मियों पर कार्यवाही के सख्त आदेश दिये गये। इस आदेश के बाद भी यदि कोई अधिकारी व कर्मचारी लापरवाही करता है तो सभापति कोरी द्वारा कहा कि उसका जिम्मेदार वह स्वयं होंगे । वही बैठक के दौरान राजस्व सभापति कोरी ने संबोधित करते हुये कहा कि शहर के विकास हेतु हर नागरिक व नपा कर्मियों का योगदान सही समय पर मिलना आवश्यक है । अतः हम समस्त नागरिको से अपील करते है कि समय पर सम्पत्ति कर व दुकान किराया व अन्य नपा व्यय का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने व प्रत्येक नपा कर्मी पूरी ईमानदारी से कार्य कर बकाया बसूली करे जिससे नगर पालिका परिषद की आय में इजाफा हो सके। इस अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमति जय श्री चौहान, राजस्व प्रभारी अनिल साहू, आनन्द कौरव, योगेंद्र ढिमोले एवं राजस्व विभाग के कर्मियों की मौजूदगी रही।

## जनप्रतिनिधि बनते ही क्यों बदल जाते है उनके तेवर?

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** वर्तमान परिवेश यदि ग्रामीण अंचल के जनप्रतिनिधियों में पंचायत स्तर के प्रमुख माने जाने वाले जनप्रतिनिधियों की बात करे तो निश्चित ही जनप्रतिनिधि बनने के बाद जिस प्रकार से चंद वर्षो के बाद उनके परिवेश में बेतहाशा बदलाब देखने को मिल रहा है उससे पंचायतों में आम जनता का विकास होने की जगह उनके विकास की सच्चाई उजागर होने से नही बच पा रही है? यदि इनकी सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों के पंचायत जनप्रतिनिधि जो खेतों में हल जोतने के आलवा दिन भर मेहनत मजदूरी करके अपना भरण पोषण करते हुए देखे जाते थें जिन्हें बीते हुये पांच वर्ष पहले जिस तरह से पंचायत स्तर पर जब प्रतिनिधि की कुर्सी मिलने के बाद उन ग्रामों के पंचयात स्तर या फिर अन्य प्रमुख पदो पर पहुंचतें ही कायाकल्प हो जाती है? क्योंकि वह पहले जहां कच्चे खपरैल वाले मकानों में रहने से लेकर दूर दराज के गांवों तक जाने के लिए वाहन के नाम पर मात्र एक मामूली से साईकिल पर ही आश्रित रहतें थें वह आज चंद वर्षो में ही अपनी खेती बाड़ी में प्रकृति की मार झेलते हुए उनके दिन जिस प्रकार से बदले हुए दिखाई दे रहे है जो सिर्फ चर्चा का विषय ही नही बल्कि उनकी आये की सच्चाई को जांच करने की ओर संकेत देने से नही चूक पा रही है।

## कांक्रीट मेटेरियल के दाम बढ़ने से हितग्राही परेशान

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जिस प्रकार से केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई थी जिससे निश्चित ही उन गरीबों के चेहरों पर मुस्कान आते हुए देखी जा रही थी जो कभी सपने में अपने कच्चे मकानों को तोड़कर पक्के बनाने की सोच भी नही सकते थें, मगर इस योजना ने कच्चे आवासों में रहने वाले गरीबों को जो राहत प्रदान की गई है निश्चित ही उल्लेखनीय मानी जा रही है। मगर जब इस योजना की शुरूआत हुई थी उस समय भवन निर्माण करने वाली हर सामग्री की कीमत उतनी नही थी जो वर्तमान में चल रही है। मगर लगातार बढ़ रही महंगाई के दौरान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्धारित की गई राशि से वर्तमान समय में गरीबों को अपने आवासों का निर्माण कर पाना मुश्किल दिखाई देने लगा है।

# सब्जी विक्रेता मौत के मुंह में बैठकर चला रहे अपनी दुकानदारी

## क्यों किया जा रहा है नियम विरूद्व हुये अतिक्रमण को नजरअंदाज..?







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर की सुन्दर बनाने से लेकर आम लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नगर पालिका द्वारा नगर के विकास में कोई कसर छोड़ी जा रही हो? मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर की संपत्ति पर जिस प्रकार से अन्य व अपात्र लोगों द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है उसके चलते उसके सही हकदार माने जाने वाले लोगों को लाभ नही मिल पाने के कारण उन्हें परेशान होते हुए आसानी से देखा जा सकता है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर पालिका के अंतर्गत जहां तहां स्थापित काम्लेक्सों के साथ साथ सब्जी बाजारों में देखने मिल रही है । जहां पर नगर पालिका द्वारा बनाये गये इन काम्पलेक्सों पर इस प्रकार के लोगों द्वारा अपना कब्जा जमा लिया गया है जिसके चलते उन वास्तिक हकदारों को लाभ नही मिल पा रहा है जिसके चलते वह इन काम्पलेक्सों का लाभ लेते हुए अपनी रोजी रोटी कमा सके। यदि नगर पालिका के काम्पलेक्सों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक प्रभावशालियों द्वारा इन काम्पलेक्सों को अपना नाम कराते हुए उन्हें अन्य लोगों को किराय पर देकर जहां मनमानी राशि बसूलते हुए खुद मालामाल हो रहे है जबकि अनेक लोगों द्वारा बीते हुए लम्बे समय से इन काम्लेक्सों का नगर पालिका में अभी तक किराया नही भरने के कारण बाकी निकल रहा है? इतना ही नही अनेक लोगो द्वारा तो नियम विरूद्व इन काम्पलेक्सों की दुकानों में तोड फोड करते हुए उनके वास्तविक रूप के साथ तक खिलबाड़ करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। वही कुछ काम्पलेक्सों की दुकानों में तो स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह खाली पड़ी होने के कारण लोगों द्वारा मनमाफिक अपना कब्जा जमाने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है जिसके चलते नपा को राजस्व की हानि होते हुए दिखाई दे रही है। जबकि काम्पलेक्सों के नियम के अनुसार तो यह बताया जाता है कि जिस व्यक्ति द्वारा जिस काम्पलेक्स में दुकान नपा से किराय से ली गई है वही व्यक्ति दुकान का संचालन कर सकता है किराय से देना या फिर किसी भी प्रकार की तोड़ फोड करना नियम विरूद्व माना जाता है। मगर इसके बाद भी नगर के काम्पलेक्सों की अनेक दुकानों को नियम विरूद्व किरायदार टू किरायदार स्थिति में संचालित होते हुए देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत चीचली की ओर जाने वाले क्षेत्र की देखने मिल रही है जहां पर सब्जी दुकानदारों के लिए बनाई गई दुकानों में अन्य व्यक्तियों द्वारा नियम विरूद्व कब्जा जमाने में भी कोई कसर नही छोड़ी गई है जिसके चलते देखा जा रहा है कि यहां पर सब्जी दुकानदार अपनी जान को खतरे में डालते हुए सड़क किनारे बैठने के लिए मजबूर देखे जा रहे है वही उस सब्जी मार्केट की दुकानों पर प्रभावशाली अपना कब्जा जमाये बैठे हुए है? जबकि यहां की सच्चाई पर गौर किया जावे तो स्टेशन के पास चीचली मार्ग पर लगने वाले इस सब्जी बाजार के चलते आये दिन यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होते हुए देखी जा रही है, जिसको सुधारने के संबंध में जब तत्कालीन पुलिस अधीक्षक डी एस भदौरिया द्वारा जब नगर में प्रथम आगमन हुआ था तो उनके द्वारा इस प्रकार से यहां पर पैदा होने वाली यातायात समस्या के निदान को लेकर सख्त आदेश जारी किये गये थें। मगर इसके बाद भी यहां पर लगने वाले प्रति सोमवार को साप्ताााहिक बाजार के दौरान अभी भी लोगों को परेशान होते हुए देखा जा रहा है और न ही वर्तमान में बैठे हुये पुलिस अधिकारियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है? इस साप्ताहिक बाजार में बाहर से अपनी सब्जी सहित अन्य दुकान लेकर आने वाले दुकानदार जिस प्रकार से सड़क किनारे अपनी दुकान लगाते हुए बैठ जाते है जिसके चलते यहां से निकलने वाले वाहनों के कारण इन दुकानदारों की जान को खतरा पैदा तो होता ही है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही रहती है वही दूसरी ओर वाहन चालकों के लिए भी परेशानियों से जूझते हुए देखा जाता है। यदि इन दुकानदारों को नपा द्वारा बनाई गई इन छोटी दुकानों पर जगह उपलब्ध करा दी जावे तो निश्चित ही जहां यातायात की समस्या से निदान पाया जा सकता है? मगर पता नही नपा द्वारा निर्मित की गई इन दुकानों पर कुछ लोगों द्वारा किसकी अनुमति से कब्जा जमा लिया गया है जिसके चलते सब्जी दुकानदारों को यह दुकान उपलब्ध नही हो पा रही है? यदि इन दुकानों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जहां अनेक दुकानों पर मांसाहारी व अन्य प्रकार की सामग्री तक बिकते हुए देखी जा रही है जिसके चलते इस प्रकार से मांसाहारी होटल के संचालन के कारण सबसे अधिक प्रभावित उन स्कूली बच्चों को होते हुये देखा जा रहा है परेशानी का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि वह प्रतिदिन यहां पर मांस को विक्रय होते हुए देखते है? जबकि नियम अनुसार किसी भी शासकीय शिक्षण संस्था या फिर मंदिर तथा रहवासी क्षेत्रों में इस प्रकार से मांसाहारी होटलों का संचालन नियम विरूद्व माना जाता है, मगर इस ओर किसी के द्वारा ध्यान ही नही दिये जाने का परिणाम है कि अब इन दुकानों पर लगातार कब्जा होते हुए दिखाई देने लगा है।

## विद्यार्थियों को पुलिस अधिकारियों द्वारा शिक्षण संस्था में पहुंचकर बताए आत्मरक्षा के टिप्स



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों के परिपालन में विकासखंड चीचली के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में बीते हुये दिवस पुलिस थाना चीचली की पुलिस थाना प्रभारी रोहित पटैल की टीम के सदस्य इंद्रपाल सिंह चौहान तथा संजय शाह दीवान द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों को साइबर सिक्योरिटी, साइबर सेल, क्राइम, साइबर ठगी से बचने संबंधित सुझाव दिये गये। वही इस दौरान उनके द्वारा विद्यार्थियों की सुरक्षा से संबंधित आत्म रक्षा के विभिन्न टिप्स, सुरक्षा हेल्प लाइन नंबर, मोबाइल के प्रयोग में अंजान लिंक नही खोलने, फर्जी कॉल नहीं सुनने एवं किसी भी प्रकार की ओटीपी शेयर नहीं करने एवं परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने संबंधित मार्गदर्शन दिया गया। शैक्षणिक कार्यों के अतिरिक्त अनुशासन तथा विभिन्न सहशैक्षिक गतिविधियों, खेल कूद प्रतियोगिता में प्रत्येक छात्र-छात्रा को सम्मिलित होने संबंधित बात कही गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं में आपस में समन्वयपूर्ण व्यवहार, ग्रामीण जनों, घर के विभिन्न सदस्यों, बुजुर्गों, शिक्षकों के प्रति आदर के भाव रखने संबंधित उद्बोधन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य भारत ताम्रकार, हेमंत शुक्ला, सत्यम ताम्रकार, विनीत नामदेव, सरफराज मोहम्मद सहित समस्त स्टाफ, अतिथि शिक्षको की उपस्थिति रही।

## एक सप्ताह के अंदर जंगल क्षेत्र में दूसरी बार लगा जन मन योजना कैम्प भिलमाढाना पहुंचकर कलेक्टर ने जमीन पर बैठकर किया ग्रामीणों से संवाद

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा/गाडरवारा।**



जब जिले का प्रमुख अधिकारी छोटी छोटी चीजों पर अपनी पैनी नजर रखता है तो निश्चित तौर से संपूर्ण प्रशासन तंत्र को चौकान्ना रहते हुये अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वाहन करते हुये देखा जाता है। कुछ इसी प्रकार की कार्यशैली जिले की नव नियुक्त जिला कलेक्टर में देखने मिल रही है जो शासन की योजनाओं से संबंधित होने वाले कैम्प व शिविरयों में खुद पहुंचकर जहां अधिकारी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देने से नही चूक रही है तो दूसरी ओर वह मौके पर ही ग्रामीणों से रूबरू होकर योजनाओं की जानकारी लेते हुये देखी जा रही है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जंगल क्षेत्र गोटीटोरियाँ में एक सप्ताह के अंदर लगातार दूसरी बार जिला कलेक्टर द्वारा दौरा करते हुये ग्रामीणों से रूबरू होते हुये देखा गया है। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत चीचली जनपद पंचायत के ग्राम भिलमाढाना में भारिया जनजाति के लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजना का लाभ दिलाने के उद्वेश्य से कैंप का आयोजन किया था। इस कैम्प में शासन की योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए जिसमे लोगों के आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, वनाधिकार पट्टे, आयुष्मान कार्ड आदि बनाए जाने का कार्य किया गया। वही कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने इस कैंप में अचानक पहुंचकर ग्रामीणो के बीच जमीन पर बैठकर से रूबरू होते हुये संवाद करने के साथ योजनाओं की जानकारी ली गई। इस दौरान जिला कलेक्टर श्रीमती पटले ने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अद्योसंरचना विकास एवं सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु यह योजना 03 वर्ष तक क्रियान्वित की जावेगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान योजना अंतर्गत 09 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली 11 गतिविधियों सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गाँव गाँव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज के गावों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज के गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। वही इस योजनाओं से वंचित भारिया परिवारों को लाभांवित किया जाना है उनमें प्रमुख रूप से आधार कार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम सुरक्षित मातृ अभियान, सिकल सेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन प्रोग्राम सम्मिलित है, से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। आप सभी को इसका लाभ दिलाने के लिए कैम्प में प्रमुख रूप से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं बैंकिंग सेवाओं स्टाल लगाए गए थें। इस दौरान गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।





## चोरों द्वारा अब शासकीय संपत्ति को निशाना बनाना किया शुरू, भौरझिर सहकारी दुकान से 20 क्विंटन गेहूं तो ककराघाट से विद्युत ट्रांसफार्मर को किया पार

**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।**

क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार सहित अन्य अनैतिक गतिविधियों पर पुलिस द्वारा रोक लगाने में असफलता का परिणाम है कि क्षेत्र में चोरी जैसी घटनाये घटित होना आम बात बनती चली जा रही है। वही दूसरी पूर्व में घटित हुई अनेक चोरियों को अंजाम देने वालों तक पहुंच के हाथ नही पहुंचने का परिणाम है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद होते चले जा रहे है कि वह अब सरकारी संपत्ति को अपना निशाना बनाने से से नही चूक रहे है। इस बात की सच्चाई बीते हुये सोमवार - मंगलवार की दरम्यानी रात क्षेत्र के ग्राम भौरझिर तथा समीपस्थ ककराघाट नर्मदा तट पर देखने मिली है जहां पर अज्ञात चोरों द्वारा सरकारी संपत्ति को पार करने मे कोई कसर नही छोड़ी गई है। एक ही रात में अलग अलग घटित हुई सरकारी संपत्ति चोरी की घटना को लेकर बताया जाता है कि अज्ञात चोरों द्वारा सेवा सहकारी समिति सूरना के अंतर्गत आने वाले ग्राम भौरझिर राशन दुकान क्रमांक 3402032 बीती रात सेंध लगाते हुये यहां से लगभग 20 क्विंटल गेहूं जो की पीडीएस में संचालित व अन्य योजनाओं के लिए रखा गया था उसको पार कर डाला है। इस तरह घटना की जानकारी लगते ही भौरझिर संरपच एव सोसायटी पृबंधक कर्मचारियों ने मौका पंचनामा बनाकर सी सी टी वी कैमरो का अवलोकन किया तथा अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस थाना सिहोरा चौकी प्रभारी को सूचना दी गई । वही घटना को लेकर सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए चौकी से पृभारी विजय पटेल व आरछक रघुवंशी द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करते हुये समिति प्रबंधक राजकुमार कौरव तथा विक्रेता रजनीश कौरव व राजू प्रजापति अन्य जानकारिया लेते हुये अज्ञात चोरों की खोजबीन शुरू कर दी गई है। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जिस तरह घटना स्थल पर चार पहिया वाहन के चाकों के निशान दिखाई देने के साथ गुप्त केमरे में जो फुटेज आये हे उससे अनुमान लग रहा है कि चोरों द्वारा किसी चार पहिया वाहन का उपयोग किया गया है? वही पलोहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत माँ नर्मदा के ककरा घाट पर गाडरवारा नगर पालिका के लिये नर्मदा जल सप्लाई हेतु रखा गया लगभग 500 के व्ही वार्ड का अज्ञात चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर का पार किया गया है। बताया जाता है कि अज्ञात चोरों द्वारा इस ट्रांसफार्मर को खम्बों से नीचे उतारते हुये जहां उसके खोलकर छिन्न भिन्न करने के बाद उसके अंदर का आईल सहित कॉपर तार पार करने के बाद शेष सामग्री को मौके पर ही छोड़ दिया गया है। इस तरह विद्युत ट्रांसफार्मर को खम्बों से नीचे उताकर उसको खोलते हुये पार की गई सामग्री की घटना निश्चित तौर से पुलिस की गस्त व्यवस्था को सबालों के घेंरे में खड़ा करने से नही चूक रही है। क्योंकि जिन चोरों ने इस तरह ट्रांसफार्मर के अंदर से आईल व तार चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है तो उन्हें खम्बों से ट्रांसफार्मर नीचे तक लाने के बाद उसे खोलने में काफी समय लगा हुआ होगा। इस तरह इतने समय तक जिस तरह अज्ञात चोर चोरी की घटना को अंजाम देते रहे और उन्हें किसी का डर नही लगा इस सच्चाई से उनके होसले कितने बुलंद है इसका अनुमान आसानी से लगते हुये जान पड़ रहा है।

## ठंड के प्रभाव को कम करने के लिये नगर पालिका की अनोखी पहले

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** हर वर्ष देखा जाता है कि ठंड दिवाली के बाद अपने तेवार दिखाना शुरू कर देती है। मगर इस वर्ष ठंड ने काफी देरी से आगमन किया गया है। मगर अब जनबरी माह के शुरूआती दिनों से जिस प्रकार ठंड अपना रौद्र रूप दिखाते हुये जान पड़ रही है उसके चलते शाम होते ही जहां लोग अपनी पल्ली में दुबकने के लिये मजबूर हो रहे है तो दूसरी ओर देरी से सोने वाले लोगों के लिये अब सड़को पर लकड़ी के दहकते हुये अंगारे आसारा बनते हुये देखे जा रहे है। लोगों का कहना है कि यदि ठंड का यही हाल कुछ दिनों तक और जारी रहता तो निश्चित तौर से आम लोगों को बड़ी मुश्किलों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ सकता है। इस तरह रात के समय ठंड से परेशान होने वाले लोगों के लिये नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा अनोखी पहल करते हुये नगर की पुरानी गल्ला मंडी में क्रेन



मशीन के माध्यम से एक पुराने भारी भरकम पेड को रखवाते हुये उसे अलाव का रूप दिया गया है। निश्चित तोर इस इस भारी भरकम पेड के रखे जाने के चलते लोगों को कई दिनों तक आग का सहारा बनेगा और लोग ठंड से राहत पा सकेगे।

## खबर संक्षेप

### बजाग में अक्षत वितरण अभियान



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** रामसेवकों के द्वारा बजाग नगर में अक्षत देकर 22 जनवरी 2023 दिन सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा होना है इसी तारतम में सभी राम भक्तों के घर-घर जाकर के निमंत्रण किया गया कि अपने घरों में दीपावली जैसा उत्सव मनाए और अपने घर में 11 दीप जलाएं ऐसा आग्रह लोगों से किया गया इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद अन्य समाजसेवी राम सेवक उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई में आए 57 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर आर पी तिवारी द्वारा लोगों द्वारा प्रस्तुत किए गए 57 आवेदन पत्रों की सुनवाई की गई। आवेदन पत्रों की सुनवाई कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दे दी गई है। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का विभागीय अधिकारियों को निराकरण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराना होगा। जनसुनवाई में आवेदकों के द्वारा राशन वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, मजदूरी भुगतान सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए।

### खबर के बाद पहुंचे अधिकारी, लिया जायजा,


हरिभूमि

लापरवाही -आज भी अधूरी पड़ी बिल्डिंग

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** मुख्यालय बजाग में संचालित महाविद्यालय के अधूरे और गुणवत्ता हीन कार्य होने की खबरें प्रकाश में आने के बाद पी आई यू विभाग के अधिकारियों द्वारा बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया तथा ठेकेदार को बोलकर टाइल्स सुधार कार्य तथा जिस स्थान पर पुट्टी वर्क नहीं किया गया था उसे भी सुधार कार्य करने निर्देश दिए गए हैं इसके अलावा महाविद्यालय में अन्य कार्यों को पूरा करने के निर्देश ठेकेदार को दिया गया जिसे ठेकेदार द्वारा जल्द ही कराया जा रहा है।

### विधायक भावना बोहरा का भाजपा ने किया स्वागत

**अमरकंटक।** भारतीय जनता पार्टी अमरकंटक के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ की पंडरिया से विधायक भावना बोहरा को जीतकर पहली बार अमरकंटक आने जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। भावना बोहरा भारतीय जनता पार्टी की पंडरिया से विधायक है उनका अमरकंटक के प्रति लगाव हमेशा रहता है। उनका विधायक रहने के पहले भी अमरकंटक आना-जाना लगा रहता था, अब वह विधायक हो गई है तो अमरकंटक आती रहेगी ऐसा उनका कहना है। नगर परिषद अमरकंटक के पार्षद दिनेश द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि प्रकाश द्विवेदी, भाजपा कार्यकर्ताओं में अंजना कटारे, सोनू जैन, सूरज साहू, अभिषेक द्विवेदी सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित विधायक का स्वागत किया एवं पतित पावनी मां नर्मदा के पावन जन्मोत्सव के लिए उनको निमंत्रण भी दिया।

## स्पॉट में लिखवाया गाड़ी में नंबर

# बिना नंबर प्लेट वाहनों पर थाना गाड़ासरई पुलिस सख्त

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** सर्वोच्च न्यायालय एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित करने पर थाना गाड़ासरई पुलिस प्रतिदिन वाहन चेकिंग अभियान चला कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही कर वाहन चालकों को यातायात नियमों के संबंध में अवगत करा रही है।



वही थाना गाड़ासरई पुलिस बिना नंबर प्लेट वाहनों पर सख़्त नजर आ रही है संदिग्ध वाहनों एवं संदिग्ध वाहन चालकों को चिन्हित करने के लिए बिना नंबर प्लेट वाहनों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अखिल पटेल के निर्देशन में एवं उपपुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम व अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग डिण्डौरी के के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गाड़ासरई निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के द्वारा गाड़ासरई चकरार नदी पुल पास वाहन चेकिंग पाइंट लगाकर पुलिस स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग की गई। वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट वाहनों की जाँच कर स्पॉट पर ही गाडियों में नंबर प्लेट पेंटर की मदद से लिखवाया गया व नंबर प्लेट लगवाई गई ।

### सोशल पुलिसिंग का मार्ग अपना रही गाड़ासरई पुलिस

सोशल पुलिसिंग व्यवस्था पुलिस के कार्यों में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने का एक तरीका है। यह एक ऐसा वातावरण निर्मित करती है, जिसमें नागरिक समुदाय की सुरक्षा में वृद्धि सुनिश्चित की जाती है। इसी तारतम्य में मोजूद आरक्षक देवेंद्र पटले ने बताया कि वाहन चालकों को समझाइश दी जा रही है, कि आगे से यातायात के नियमों का पालन करें। इस दौरान 50 से अधिक वाहनों में रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित किया गया है। पुलिस के अनुसार बिना नंबर प्लेट वाहनो का उपयोग संदिग्ध गतिविधियों में भी किया जा सकता है इस लिये बिना नम्बर प्लेट वाहनों पर पुलिस सख़्त नजर आ रही है । पुलिस वाहन चालकों से अपील करती हैं कि अपने वाहनों पर रजिस्ट्रेशन नंबर विधिवत अंकित कराए। पुलिस के अनुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा। कार्यवाही में थाना प्रभारी गाडासरई निरी0 दुर्गाप्रसाद नगपुरे, सउनि शेख आजाद, सउनि बालमुकुंद चैरसिया, सउनि अनिल उसराठे, प्रआर 12 रवींद्र, प्रआर 298 पंकज सिंह, चाप्रआर0 206 शिध्दू मरावी, आर 352 आशीष लांजेवार, आर 318 देवेन्द्र पटले, आर 388 सतेन्द्र उइके, आर 417 राजा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ज.पं. मेंहदवानी के विभिन्न ग्रामों में भ्रमण एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने मगंलवार को निर्माणाधीन सी.एम. राईज स्कूल भवन राई का निरीक्षण किया। उन्होंने मजदूरी भुगतान की जानकारी ली और निर्माण कार्य को समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने इसके बाद ग्राम बहादुर के मांझी टोला व पोषक ग्राम हर्रा टोला, ग्राम पंचायत पंडरीटोला, ग्राम गांजर टोला एवं जरहानैझर जनपद पंचायत मेंहदवानी में प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत ग्राम चैपाल लगाकर गांव के लोगों की शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही लोगों की समस्याओं को सुन अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।



ग्राम कन्हारी में कलेक्टर विकास मिश्रा ने भ्रमण के दौरान ग्रामीणों द्वारा बताई गई। पेयजल की समस्या का मुआयना करते हुए पीएचई विभाग के अधिकारियों को गांव में पेयजल की समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। कaलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहदवानी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा, परिजनों से चर्चा की, स्टॉफ से दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली और स्वास्थ्य केन्द्र में मौजूद स्टॉफ को मरीजों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

## करंजिया महाविद्यालय में सिकलसेल जांच हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** करंजिया मुख्यालय में मंगलवार को एन. एस .एस. विंग शासकीय महाविद्यालय करंजिया एवं मध्य प्रदेश राज्य हीमोग्लोबिनोपैथी मिशन के संयुक्त तत्वाधान में सिकल सेल एनीमिया की जांच हेतु शिविर लगाया गया जिसमें स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ब्लॉक समंवयक आरती परस्ते एवं उनकी टीम ने जांच एवं जिज्ञासा का निवारण किया। प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार बास्पे जी के निर्देशन में एन एस एस, राष्ट्रीय स्वयं सेवक के कार्यक्रम अधिकारी आरएस दांगी ,उत्तम टांडिया, रितु मरावी, योग्यता यादव, विमलेश कुमार सहित समस्त सदस्यों के साथ महाविद्यालय का स्टाफ और छात्र छात्राएं मौजूद रहें।

## शासकीय हाई स्कूल बेलिया बड़ी व स्वास्थ्य केंद्र परिसर अतिक्रमण के चपेट में

**कोतमा।** जिले के तहसील कोतमा के स्थानीय प्रशासन एसडीम, तहसीलदार, पटवारी, ग्राम पंचायत सरपंच, एवं सचिव के सह पर बेलिया बड़ी के शासकीय आराजी में दबंगों द्वारा घर बनाकर आतिक्रमण कर लिया गया है। ग्राम पंचायत बेलिया बड़ी विकास के नाम पर आंसू बहा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां पर विगत कई वर्षों से शासकीय हाई स्कूल संचालित है। परंतु अध्यापक, छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए जगह भी नहीं है। साथ ही दर्जनों गांव के बीच इसी परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलिया बड़ी भी संचालित है। जहां मरीजों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ता है। हाई स्कूल एवं अस्पताल परिसर की शासकीय भूमि में गांव के बाहुबली, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सत्ता में बैठे लोगों द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण किया गया है। जिसके चलते विद्यालय परिसर का विकास पूर्णतः अवरुद्ध है। इतना ही नहीं विद्यालय के चारों ओर बाउंड्री वॉल, पेयजल, साफ सफाई की दिकत बनी रहती है। कारण की गांव के ग्राम पंचायत बलिया बड़ी के खसरा नंबर 597 रकवा 3.17 एकड़ भूमि मध्य प्रदेश शासन के नाम दर्ज है उक्त भूमि पर शा हाई स्कूल,हॉस्पिटल ,पी डी एस गोदाम ,पशु चिकित्सा, बना हुआ है शेष भूमि पर ग्राम के बाहुबलियो द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं रावस्व के सह पर अतिक्रमण कर के बड़ी बड़ी इमारत खड़े कर लिए गए है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार व जनचर्चा हैं कि शिव नारायण, राम निरंजन, विजय, गीता एवं राजू द्वारा घर और बाड़ी बना कर शासकीय भूमि को कब्जा कर लिया गया जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाना अति आवश्यक है। कई बार जमीन की नाप हो चुकी है मगर प्रशासन दबंगो से जमीन खाली नहीं करा पा रही है। ऐसा लगता है कि प्रशासन से ज्यादा पहुँच बाहुबलियों के पास है। जमीन खालीं न होने के कारण विद्यालय का विकास पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। कई बार ग्रामीणों ने प्रशासन से कब्जे वाली भूमि सही नाप करवाकर खाली कराने की शिकायत की जा चुकी है। मगर प्रशासन कुछ नही कर पा रहा है। एक बार फिर ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की हैं कि शासकीय भूमि से कब्ज हटाया जाए। विद्यालय परिसर में विगत 30 वर्ष पूर्व में एक अतिरिक्त कक्ष बना था जो अचानक कुछ दिन पूर्व में अपने आप ध्वस्त हो गया है। बताया गया है कि इस भवन को गिराए जाने के लिए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य धनीराम अहिरवार द्वारा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार पत्राचार किया गया। 9 जनवरी को तहसीलदार पुलिस के साथ मौके में जाकर स्थल का निरीक्षण किया।

**इनका कहना है**

पूरे मामले कि निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**ईश्वर प्रधान**
**तहसीलदार कोतमा**

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कौडिया, बिंझौरी व पिण्डरूखी

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'का आयोजन किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मंगलवार को जिले की समस्त जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम संपन्न हुये। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत बजाग के ग्राम पंचायत पिण्डरूखी, कौडिया एवं बिंझौरी में जनमानस को शासन के द्वारा दी जाने वाली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। ग्राम पंचायत बिंझौरी के लोगों के द्वारा खाद्य सामग्री एवं पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की गई। जिस पर पीएचई के द्वारा एक सप्ताह में पेयजल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया एवं सेल्समेन के द्वारा 3 माह की खाद्य सामग्री दो दिवस के अन्दर ग्राम के आम लोगों उपलब्ध कराने का जनसभा को वादा किया। ग्राम पंचायत पिण्डरूखी के गांव के लोगों के द्वारा प्रधानमंत्री सडक से जंगल की ओर जाने वाली सडक को पक्का करने की मांग रखी गई। जिस पर सीईओ बजाग ने नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकारिणी समिति के सदस्य राजेन्द्र पाठक, पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती, मण्डल अध्यक्ष राजेश्वर साहु, जिला महामंत्री राजेन्द्र दुबे, सीईओ बजाग जोसुआ पीटर, सरपंच श्रीमती अहिल्या बाई, सचिव ईश्वर राजपूत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती नरबदिया मरकाम, श्रीमती मिथलेश मिश्रा सामाजिक कार्यकर्ता, श्रीमती रजनी श्रीवास सामाजिक कार्यकर्ता, बबलू गौतम, घनश्याम साहु, उमेश खाण्डे, अजय साहु, बृजभूषण गौतम बीआरसी बजाग, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार सहित अन्य जनप्रनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।




आज विकसित भारत संकल्प यात्रा में राष्ट्रीय परिवार सहायता दिलाए जाने की मांग को लेकर आवेदिका श्रीमती सावित्री बाई पति स्व. गयाप्रसाद ने आवेदन प्रस्तुत किया। सावित्री बाई को बीस हजार रूपये की सहायता राशि स्वीकृत करने हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देश दिया गया है। सीईओ जनपद पंचायत बजाग ने आवेदन स्वीकृत कर दो दिवस में राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया। इसी प्रकार से दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जय लक्ष्मी समूह को 1 लाख 50 हजार की सीसीएल दी गई। साथ ही ग्राम पिण्डरूखी के जय मां वैष्णों देवी समूह, महिला जाग्रति समूह, राधा स्वामी समूह, तेज.सबरी समूह, तेज. संतोषी महिला समूह और तेज. शारदा आजीविका समूह को 94 हजार का आर एफ जारी किया गया।

कलेक्टर विकास के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी नागरिकों के बीच पहुँचकर उपलब्ध कराई जा रही है। आयोजित कार्यक्रमों में शिविर लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं आवेदन लिये जा रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से उपचार भी दिया जा रहा है। जो ग्राम क्षेत्र में योजना से वंचित हैं उन्हें आवेदन भरवाकर पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, उज्जवला योजना, लाडली बहना, लाडली बेटी, सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अंत में संकल्प यात्रा में शामिल आम जनता एवं अन्य को ''हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा लेता हूं, लेती हूं' की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर प्रचार रथों का कलश यात्रा और पारंपरिक रूप से पूजा आदि कर स्वागत किया गया।

# कोचिंग रैक से बैटरी, तांबा व तार चोरी के 5 आरोपी चढ़े रेल सुरक्षा बल के हत्थे

### मामले में अभी भी 3 नामजद आरोपियों की धरपकड़ और पिकअप पकड़ना शेष

**अनूपपुर।** आठ जनवरी को हरद रेलवे स्टेशन पर स्टेबल कोचिंग रैक में हुई बैटरी और तांबा तार चोरी होने की सूचना पर अपराध 02 दिनांक 03.01.24 एक्ट में कुल 5 आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरित संपति बरामद करने में अनूपपुर रेल सुरक्षा बल की विशेष टीम ने पोस्ट प्रभारी निरीक्षक की सक्रियता से बरामद करने में अहम कामयाबी हासिल की है। रेल सुरक्षा बल पोस्ट अनूपपुर प्रभारी निरीक्षक महादेव लाल यादव ने मीडिया को बताया कि रेसुब पोस्ट के अपराध क्र 02/2024 दिनांक 03.01.24 के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के दौरान 06.01.2024 को निरीक्षक एम.एल.यादव, रे.सु.ब. पोस्ट अनुपपूर मातहत बल सदस्यों व अ.गु.शा./अनुपपूर के प्रभारी निरीक्षक बी.आर.सिंह व अन्य अधिकारी तथा बल सदस्यों के साथ मुखबिर की आसूचना के आधार पर जैतहरी के वार्ड नं. 07 जैन मंदिर के पास निवासरत अब्दूल रसूल वल्द-मो0 शमी के निवास पर पहुंचे जहां उससे पूछताछ में बताया कि हरद रेलवे स्टेशन में खड़ी रेलवे कोच से चोरी में उसका भाई ईलाही व इलाही के मित्र शामिल है किन्तु अभी ईलाही कहां है इसका पता उसे नहीं है। ईलाही के मोबाईल नंबर का लोकेशन कटनी में बड़गांव का होना पाया गया। रसूल को लेकर पूरी टीम के साथ बड़गांव के लिए रवाना हुए। जहां ईलाही खान वल्द-मो0 शमी, उम्र-31वर्ष, निवासी-मेन मार्केट जैतहरी, जिला-अनुपपूर (म.प्र.) मिला और अपना अपराध स्वीकार किया। ईलाही खान से पूछताछ में उसने अपने साथियों राहुल सोनी, रोहित बसोड़, सन्नी सिंह व अन्य के साथ मिलकर हरद रेलवे स्टेशन पर खड़ी रेलवे कोचो से बैटरी व तांबा तार का केबल चुराकर जबलपुर स्थित कबाड़ी को बेचना स्वीकार किया। उसका स्वीकारोक्ती कथन दर्ज किया गया व उसकी निशानदेही पर जबलपुर स्थित ए.एन. ट्रेडर्स नामक कबाड़ दुकान पर पुलिस से समन्वय कर 07.01.2024 को



दबिश दी गई। रेलवे संपत्ति खरीदने वाले नौशाद खान वल्द-सलीम, उम्र-40 वर्ष, निवासी-मकान नं. 506 नदी मोहल्ला इंदराना, तहसील-मंझौली, थाना-मंझौली, जिला-जबलपुर की पहचान की गई। आगे पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसने ही रेलवे संपत्ति (बैटरी व तांबा तार) ईलाही खान से खरीदी है व उसे डिस्पोज करने जा रहा था। नोशाद खान के चोरित संपत्ति पेश करने पर मौके पर समस्त दस्तावेजी कार्यवाही पूरी कर जबलपुर से रवाना हुए। रास्ते में ही सूचना प्राप्त हुई कि पिकअप का ड्राईवर घर पर है अतः दबिश देने हेतु कोतमा रवाना होकर 08.01.2024 को सुबह 06 बजे कोतमा पहुंचे व पिकअप ड्राईवर के निवास पर दबिश दी गई जहां दिलीप वंशकार, पिता रामलाल बंसोड़, उम्र-29 वर्ष, निवासी-वार्ड नं. 07 बनिया टोला, थाना-कोतमा मिला। आगे पूछताछ में उसने अब्दुल रसुल व उसके भाई ईलाही खान को पहचाना तथा अब्दुल रसूल तथा ईलाही खान ने भी उसे पहचाना। मौके पर पहचान पंचनामा तैयार किया व दिलीप वंशकार ने भी चोरित संपत्ति को ढोने व अपराध में सहभागिता देने का अपराध स्वीकार किया। अब्दुल रसुल के भी अपराध में संलिप्त होने की पुष्टि होने पर अब्दुल रसूल का स्वीकारोक्ती कथन दर्ज किया गया व दिलीप वसंकार ने बताया की चोरी में ईलाही का साला मो0 अब्दुल उर्फ अफजल भी शामिल था। मौके पर दस्तावेजी कार्यवाही कर पहले घटना स्थल का शिनाख्त कर पंचनामा तैयार किया गया व दिलीप वंशकार की निशानदेही पर मो. अब्दुल उर्फ अफजल के निवास पर दबिश दी गयी और पकड़ कर स्वीकारोक्ति कथन दर्ज किया गया। मौके का पंचनामा पर समस्त आरोपियों व गवाहो तथा जांच अधिकारी का हस्ताक्षर किया गया। मामले में अन्य कागजी कार्यवाही पूर्ण कर आरोपियों को मय जप्तशुदा संपति दस्तावेज रेसुब पोस्ट अनुपपुर लाया गया संपूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित कर माननीय मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशानुसार आरोपियों को नोटिस दे कर सशर्त छोड़ा गया। मामले में अभी भी 3 नामजद आरोपियों की धरपकड़ और पिकअप को पकड़ना शेष है।

## खबर संक्षेप

### द्वारिका शारदा पीठ के शंकराचार्य 11 जनवरी को नरसिंहपुर आएंगे

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** द्वारिका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती महाराज 11 जनवरी को नरसिंहपुर आएंगे। शंकराचार्यजी पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में युवा प्रबोधन में धर्म संस्कृति और युवा विषय पर आयोजित कार्यक्रम में आशीष वचन देंगे। पूर्व छात्र परिषद ने बताया कि कार्यक्रम 11 जनवरी को प्रातः 11 आयोजित कार्यक्रम पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगा। पूर्व छात्र परिषद ने उपस्थित की अपील की है। शंकराचार्य जी के आगमन और आयोजित कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में मंगलवार को पीजी कॉलेज में पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में परिषद के सदस्यों को दायित्व सौंप गए।

### सुरक्षा जवान के लिए पंजीयन शिविर 10 जनवरी से 18 जनवरी तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सुरक्षा जवान के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन जिले की सभी जनपदों में 10 जनवरी से 18 जनवरी 2024 तक प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक किया जायेगा। ये शिविर 10 जनवरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोटेगांव में, 11 जनवरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करेली में, 12 जनवरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चांवरपाठा में, 13 जनवरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत साईंखेड़ा में, 15 जनवरी को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चीचली में, 16 जनवरी को शासकीय पीजी कॉलेज तेंदूखेड़ा में, 17 जनवरी को शासकीय पीजी कॉलेज गाडरवारा में और 18 जनवरी को शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर में लगाये जायेंगे। सुरक्षा जवान 500 पद के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 37 वर्ष, योग्यता 10वीं पास, ऊंचाई 165 सेमी. होनी चाहिये। सुरपवाइजर 40 पद के लिए अभ्यर्थी की आयु 25 से 37 वर्ष, योग्यता स्नातक व एनसीसी और ऊंचाई 172 सेमी. होनी चाहिये।

### 10 जनवरी को 11 ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी यात्रा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को पात्र अंतिम व्यक्ति तक लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा जिले में आयोजित की जा रही है। रूट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 जनवरी को वाहन क्रमांक एक जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत मुड़िया व डांगीढाना, वाहन क्रमांक 2 जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत सिमरीबड़ी व अकोला, वाहन क्रमांक 3 जनपद पंचायत साईंखेड़ा की ग्राम पंचायत बोदरी व चिरहकला, वाहन क्रमांक 4 जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत तिंसरा, वाहन क्रमांक 5 जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत कल्याणपुर व नरसरा और वाहन क्रमांक 6 जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत सगौरिया व हेमरा पहुंचेगी।

### विवेकानंद जयंती पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आमगांव बड़ा ग्राम के स्वामी विवेकानंद स्कूल में 12 जनवरी शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा एक दिवसीय निशुल्क नेत्र जांच परामर्श शिविर का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से किया जा रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति में मरीजों की जांच की जाएगी जिसमें जिन रोगियों को मोतियाबिंद पाया जाएगा उनको शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा निशुल्क बस सेवा से नेत्रालय लाकर आवश्यक उपचार किया जाएगा जिसमें रोगियों के रहने, उपचार, दवाई, भोजन, आदि की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी विवेकानंद स्कूल समिति ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर निशुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ लेने उपस्थिति की अपील की है।

# श्रेष्ठता और अच्छे कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना चाहिए-कैलाश सोनी

## महर्षि वेद विज्ञान आश्रम में आयोजन

### कार्यक्रम में बालकों, पुजारियों , रामधुन मंडलों के सदस्यों को सम्मानित किया

हमेशा श्रेष्ठता और अच्छे कार्य करने वालों को प्रोत्साहित करना चाहिए यदि आप गलत लोगों को प्रोत्साहित कर गलत कार्यों को सम्मानित करेंगे तो इससे समाज में नकारात्मक संदेश जाएगा और आप अपयश के भागीदार बनेंगे।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।






उक्त बात राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी ने स्नेहजनों द्वारा महर्षि वेद विज्ञान आश्रम में आयोजित सम्मान एवं जन्म दिवस समारोह में कही। श्री सोनी ने कहा कि आज उनके जन्म दिवस पर भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की परंपराओं के तहत आयोजित कार्यक्रम और सभी से मिले प्यार मान सम्मान से मैं अभिभूत हूं। राज्यसभा सदस्य श्री सोनी ने महर्षी आश्रम में ब्राह्मण बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा प्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इसके दूरगामी सार्थक परिणाम हम सबको मिलेंगे। आपने महर्षि आश्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए स्टेज बनाने के लिए राज्यसभा निधि से दो लाख रू. देने की घोषणा की। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना की गई। आश्रम में अध्यनरत बालकों एवं बड़ी संख्या में मौजूद नगर के पुजारियों ने धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्री सोनी को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। आश्रम परिवार द्वारा भी श्री सोनी का शाल श्रीफल देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोडिया, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज, डॉ हरगोविंद सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष श्रीमती निशा सोनी, ब्रह्मकुमारी आश्रम की वंदना दीदी, आरएसएस के जिला समरसता सह प्रमुख पंडित महाकाल महाराज आदि ने श्री सोनी को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान आश्रम में अध्यनरत बालकों, शहर के पुजारियों , सभी रामधुन मंडलों प्रभात फेरियों के सदस्यों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

### विभिन्न संगठनों ने किया अभिनंदन

उक्त मौके पर आयोजित कार्यक्रम में आयोजन समिति के सदस्य नीलकमल नीलू जैन, उपेंद्र महाजन, संतोष चौकसे, अवधेश शर्मा, अश्वनी शर्मा, मनीष ठाकुर, नीरज नेमा, जय वासवानी, संजीव जैन, रोशन राजपूत, इरफानुद्दीन खान, राकेश चोरसिया के अलावा अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं राजनीतिक दलों के कार्यकतार्ओं पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन नीलेश जाट,अनन्त पांडे एवं आभार प्रदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष नीरज महाराज ने किया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्यायें

## जनसुनवाई में आये 95 आवेदन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 9 जनवरी को जिले के विभिन्न स्थानों पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्टर ने वीसी के माध्यम से भी अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 95 आवेदन आये। इसके अलावा सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और अन्य अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्यायें सुनी और अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिये।

# खुले में मांस-मछली बेचने वाले विक्रेताओं के हो रहे हैं पंजीयन

### पंजीयन न होने पर जुर्माना वसूला जाएगा




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** म.प्र.शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शपथ लेने के बाद जैसे ही एक्शन लेते हुए खुले में मांस, मछली, मुर्गा, मटन,अंडा बेचने वालों पर प्रतिबंध लगाया जिससे बाद हर जिले की मांस-मछली विक्रेताओं में हडकंप की स्थिति देखी गई। जिसके बाद जिला प्रशासन द्वारा जिले भर में लगातार निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिले में खाद्य कारोबार कतार्ओं द्वारा विक्रय किए जाने वाले मांस,मछली, मुर्गा,मटन,अंडा आदि की दुकानों पर खाद्य एवं औषधि अधिकारी अमित गुप्ता एवं नगरपालिका के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा सतत निरीक्षण किया जा रहा है। विक्रेताओं को खुले में मांस, मछली,मुर्गा,मटन,अंडा के विक्रय न करने एवं पंजीयन करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। पंजीयन हेतु नगर पालिका , नगर परिषद, ग्राम पंचायत द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं दुकान को तीनों तरफ से ढकी हुई फोटो सहित ऑनलाइन आवेदन मान्य किए जा रहे हैं। आज दिनांक तक लगभग 200 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं जिसमें से लगभग 120 पंजीयन जारी किए जा चुके हैं खुले में एवं बगैर पंजीयन के मांस, मछली, मुर्गा, मटन, अंडा का जिले में विक्रय प्रतिबंधित है। खाद्य एवं औषधि अधिकारी अमित गुप्ता ने बताया कि दुकानदारों के पंजीयन न होने पर संचालक के विरुद्ध कार्रवाई कर जुमार्ना वसूला जाएगा।



# अटल निकाय कर्मचारी संगठन ने ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

अटल निकाय कर्मचारी संगठन नरसिंहपुर ने पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल के माध्यम से केबिनेट मंत्री म.प्रशासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को ज्ञापन दिया व प्रदेश नगरीय निकाय कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। माननीय महोदय से 1सि.2016 तक के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को विनियमित किये जाने हेतु जिला कर्मचारियों सहित समक्ष में मिलने का समय मांगा। जिले की निकायों में समय पर वेतन प्रदाय न होने की समस्या को संज्ञान में लाते ही श्री पटेल ने दूरभाष पर विभागीय प्रमुख सचिव भरत यादव से चर्चा कर शीघ्र वेतन भुगतान होने का आश्वासन दिया। प्रदेश में नवीन कर्मचारी संगठन के गठन व प्रदेश निकाय कर्मचारियों की समस्या समाधान हेतु हेतु भी चर्चा की गई। इस पर विभागीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से समक्ष में चर्चा करने व गठन में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। संजय शर्मा,साकेत बिहारी नगरिया, राजा जाट, लक्ष्मी डागोरिया,इक्छेश राव, मधु नेमा, अमित चौकसे, मनोज बैरागी, रंजीत डागौर , रामकुमार नामदेव, रिंकू जाट दीपक जाट अमित पटैल आदि।

# जिसासेस की सौवीं मासिक काव्य गोष्ठी एवं सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - करेली।



करेली स्थित पं.विद्याप्रसाद शर्मा वृद्ध सामुदायिक सदन में जिला साहित्य सेवा समिति नरसिंहपुर की सौवीं मासिक काव्यगोष्ठी आयोजित हुई। पं.ताराचंद पाराशर की अध्यक्षता, पं.बाबूलाल दुबे के मुख्यातिथ्य एवं पं.चन्द्रभान चौबे के विशिष्टातिथ्य में रखे गये उक्त आयोजन की शुरूआत माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुई। तदुपरांत पं.चन्द्रभान चौबे को शॉल-श्रीफल भेंट कर वयोवृद्ध सम्मान एवं बरमान के कवि ध्यानसिंह कौरव को उनके सद्य प्रकाशित मुक्तक संग्रह स्पर्श हेतु प्रशस्ति पत्र व शॉल-श्रीफल भेंट कर पुस्तक प्रकाशन सम्मान प्रदान किया गया। कवि मुकेश रघुवंशी, कवयित्री रजनी नेमा, नेतराम कौरव , कवि चन्द्रभान मालवी , जयप्रकाश चौबे , कवयित्री श्रद्धा दुबे वहीं प्रथम दौर के संचालक सतीश तिवारी सरस ने अपने गीतों से नया समां बाँधा। ओमप्रकाश सोनी दिलकश के पुत्र अर्पित सोनी ने पिताजी की रचना पढ़ी वहीं द्वितीय दौर का संचालन कर रहे कवि ध्यानसिंह कौरव,वरिष्ठ साहित्यकार पं.बाबूलाल दुबे ने अपने गीत-गजलों से कार्यक्रम को ऊँचाई पर पहुँचाया।

# शांति, सद्भाव भाईचारा बनाए रखने मंदिर जन जागृति का केंद्र बनें

### तहसील स्तरीय गोष्ठी में रखे विचार'

तेंदूखेड़ा



मंगलवार को ग्राम काचरकोना में तहसील स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी गायत्री परिजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने अलग-अलग विचार रखे। बैठक की पृष्ठभूमि पर काफी विस्तार से जानकारी दी। पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्वलित दिव्य अखंड दीपक की शताब्दी तथा परम श्रद्धेय माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी संयुक्त रूप से गायत्री परिवार मनाने जा रहा है।इसी तारतम्य में शांतिकुंज हरिद्वार से मिले दिशा निर्देशों के अनुसार 2024 से वर्ष 2026 तक भारत के प्रत्येक ग्राम तक मिशन के दिव्य अखंड दीपक की ज्योति पहुंचाने का कार्य सम्पन्न करना है। जिसके अंतर्गत तेंदूखेड़ा तहसील क्षेत्र में एक रथयात्रा निकाली जाएगी ।, जिसका प्रथम चरण फरवरी माह से प्रारंभ होकर लगभग 16 ग्राम पंचायतों में भ्रमण करती हुई, अप्रेल माह तक चलेगी। बैठक में उपस्थित गायत्री परिजनों ने अपने विचार रखते हुए स्पष्ट किया कि युवाओं को आगे लाने, शांति सद्भाव भाईचारा बढ़ाने सदप्रवृत्ति लाने की दिशा में इन रथ यात्राओं के माध्यम से प्रसार प्रचार किया जाना है वहीं मंदिरों को जन जागृति के केंद्र बनाए जाने के माध्यम बनाये जावें। इस गोष्ठी मे प्रज्ञापुत्र अविनाश वेलाकर जिला संयोजक वृंदावन पटेल वरिष्ठ परिजन किशोर राय संतोष पटेल ज्ञानचंद पटेल रामकुमार ठाकुर कुंजीलाल पटेल सहित विभिन्न परिजनों ने अपने अपने विचार रखे। तथा इस गोष्ठी मे द्वारका प्रसाद सोनी नारायण पटेल भोजराज पटेल काशीराम राय हरिओम वर्मा प्रदीप जोगी। रामजीवन खैरोनिया जशवंत पटेल तेजराम पटेल के साथ देवरी राजमार्ग मानकपुर बिजोरा काशीखैरी तेंदूखेड़ा अमथनू सिमरिया पड़रिया ग्वारी टेकापार मदनपुर ढिलवार छत्तरपुर कढ़ेली इमलिया बिल्थारी के गायत्री परिजन बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# करेली पुलिस द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों में आयोजित की गयी नुक्कड सभाएं



**हरिभूमि न्यूज - करेली।** करेली महिला एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधो की रोकथाम एवं जागरूकता हेतु पुलिस अधीक्षक, अमित कुमार के निर्देश पर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना करेली पुलिस द्वारा स्कूल/कॉलेजों में नुक्कड सभाओं के माध्यम से छात्र/छात्राओं को जागरूक किया गया । पुलिस द्वारा स्कूलों एवं कॉलेजों में आयोजित की गयी नुक्कड सभाएं

महिला एवं बालिकाओं के विरुद्ध घटित अपराधो की रोकथाम उनके प्रति जागरूकता हेतु थाना करेली पुलिस टीम जिनमें महिला पुलिस कर्मचारी जो कि सशस्त्र टीम में शामिल थी नुक्कड सभा का आयोजन किया गया। सभा के दौरान सायबर अपराध के बढते प्रभावों एवं उनसे बचने हेतु उपायों को बताया गया साथ ही बालिकाओं को गुड-टच-बेड-टच के संबंध में समझाईस दी गयी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के दुरूपयोग एवं सायबर ठगी के बारे में सूक्ष्मता से जानकारी प्रदाय की गयी।